स्थापित : 1919

(0121) 2666027, 2640419, 2641795
Fax : (0121) 2668020
Email : dcb.meerut@gmail.com

जिला सहकारी बैंक लि०, मेरठ

मुख्य कार्यालयः पश्चिमी कचहरी मार्ग, मेरठ (पो०बा०नं० 72, मेरठ)

मु0का0/आडिट/बैंक वेबसाइट/2023-24/1493
पत्रांक..........................

दिनॉक 04-05-2023

कार्यालय-ज्ञाप

बैंक द्वारा वर्ष 2023-24 हेतु बैंक का समवर्ती आडिट कराये जाने के लिए चार्टेड एकाउन्टेन्ट की आवश्यकता है, जिसका विज्ञापन बैंक की वेबसाइट व दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कराया जा रहा है तथा समवर्ती आडिटर के लिए आवश्यक अर्हताओं, नियम एवं शर्ते जिनका विवरण निम्नवत है-

1. आवेदित सनदी लेखाकार फर्म का पार्टनरशिप फर्म होना अनिवार्य होगा।
2. संबंधित सनदी लेखाकार फर्म को बैंक आडिट का कम से कम 10 वर्ष का अनुभव हो।
3. संबंधित सनदी लेखाकार फर्म को पूर्व मे किसी जिला सहकारी बैक का आडिट किये जाने का अनुभव हो।
4. आवेदित फर्म **Diploma in Information System Audit (DISA) qualified** होना अनिवार्य होगा।
5. बैक पर जिन फर्मो द्वारा विगत 3 वर्षो से लगातार आडिट कार्य किया जा रहा है उनके आवेदन पर विचार नही किया जायेगा।
6. आडिट कार्य हेतु संबंधित फर्म को बैक व्यवसाय के आधार पर 300.00 रू0 प्रति करोड अधिकतम 15000.00 रू0 एंव न्यूनतम 6000.00 रू0 वार्षिक भुगतान किया जायेगा।
7. चयनित सनदी लेखाकार फर्मो द्वारा वर्ष 2023-24 हेतु बैक शाखाओ एंव मुख्यालय का समवर्ती आडिट कर तिमाही आधार पर आडिट रिपार्ट प्रेषित की जायेगी।
8. अगली तिमाही का आडिट कार्य करते समय संबंधित फर्म द्वारा पिछली तिमाही की आडिट रिपार्ट के परिपालन का परिक्षण कर अपनी रिपार्ट मे उसका उल्लेख किया जायेगा।
9. संबंधित फर्म द्वारा मुख्यालय का आडिट करते समय ट्रेजरी एंव इन्वेस्टमेण्ट का आडिट भी किया जायेगा।

कृपया उक्त का संज्ञान लेकर इच्छुक संबंधित फर्म/चार्टेड एकाउन्टेन्ट दिनांक 31.05.2023 की सांय 5.00 बजे तक बैक मुख्यालय, जिला सहकारी बैंक लि0, मेरठ, पश्चिमी कचहरी मार्ग, मेरठ के डिस्पैच पटल पर अपना आवेदन प्राप्त करा सकते हैं।

04-05-2023
(सुमनवीर सिंह)
सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारी
जिला सहकारी बैंक लि0, मेरठ
मुख्य कार्यालय : पश्चिमी कचहरी मार्ग,मेरठ।
मो0 नं0 7817002778